हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 15 जून 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री


16 कलेक्टर ने लिया संज्ञान, कृषि विभाग ने की...





16 मिस इंडिया यूनिवर्स बनीं दामिनी, विधायक...





CAN'T HIDE THAT'S PRIDE

शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार

प्रवेश प्रारम्भ

के.जी.1 से 12वीं (साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)

अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम

शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...

लुभी साहू कक्षा 12वीं 97%

छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |

प्रिंसी वर्मा 97% सतीश रॉय 96.3% वसुंधरा 96.1% तुषार 95.3% तनु साहू 94.6% हिमानी 94.5% मानसी कुर्रे 93%

अनीषा ध्रुव 92% सायरा चतुर्वेदी 91.8% कृषिका फेकर 91% पायल साहू 91% वंदना देवांगन 90.8% कनिष्का यादव 90.8% माही सोनी 90.3%

नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

# नीट में प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट का छ.ग. में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने प्रदेश ही नहीं देश में अपना व संस्था का नाम रौशन किया है इस वर्ष पियूष शर्मा 607 अंक लाकर पूरे देश में (जनरल केटेगीर रैंक 968) अपनी एक अलग पहचान बनायी है। अनुराग चौधरी 598 अंक (AIR-1511) कैटेगीरी रैंक 479, मंदीप 590 अंक (AIR-2243) कैटेगीरी रैंक 164, अभिषेक सिंग 578 अंक (AIR-4342) कैटेगिरी रैंक 1653, श्वेता मंडावी 535 अंक कैटेगीरी रैंक 37 इसी तरह अनेक छात्रो ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।500 से अधिक अंक 27 छात्रों ने लाया है और 95 से अधिक छात्रों ने NEET क्वालीफाई किया है सभी छात्रो ने अपनी कड़ी मेहनत संस्था के शिक्षकगणो के मार्गदर्शन, टेस्ट सीरिज व स्टडी मटेरियल को सफलता का सूत्र बताया है।




संस्था के डायरेक्टर सभी सफल छात्रो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट ऐसा इकलौता संस्था है जहाँ SSP भी चलाया जाता है जिसमें चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारण्टी देता है, वो भी लिखित दस्तावेज के साथ। अन्तिम SSP बैच 18 जून से प्रारंभ हो रही हो जिसका नामांकन प्रकिया प्रारंभ है। छात्र-छात्राओं के रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल व मेंस की सुविधा है।

इच्छुक छात्र मो.नं. 8319571812, 7880168887 में सम्पर्क कर सकते है। यह संस्था शॉप नं. 178 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई में स्थित है।

ADVT.


## खबर संक्षेप



### शिक्षक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** ईडब्लूएस हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में होने वाले शिक्षक की बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को कमलेश कुमार पटेल ने बताया कि वह ब्लाक नं 8 मकान नं 102 ईडब्लूएस कालोनी हाउसिंग बोर्ड के प्रथम फ्लोर मचेवा महासमुंद में रहता है और प्राशा नांदगांव में शिक्षक है। 10 जून की रात 8 बजे उसने ग्राउंड फ्लोर में अपनी मोटर सायकल होंडा सीबी शाइन क्र सीजी 06 जीआर 1287 को लॉक कर खड़ी किया था। दूसरे 11 जून की सुबह 5 बजे देखा तो वहां पर उसकी बाइक नहीं थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को उपेंद्र यादव वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा ने बताया 14 जून को सुबह करीबन 7 बजे डोकरपाली के बहराभाठा गया था। उसी समय प्रवीण छाबड़ा डोकरपाली के बहराभाठा के पास आया और उसका रास्ता रोककर पूछने लगा कि तुम अवैध शराब बेचते हो, किसके लिये बेचते हो मुझे बताओ। तब प्रार्थी ने कहा कि शराब नहीं बेचता हूं। तब आरोपी प्रवीण छाबड़ा गाली गलौज कहने लगा कि सही-सही बता दो वरना मेरी गाडी बुंदेली रोड तेंदूकोना के पास खड़ी है जिसमें मैं पिस्तौल रखा हूं। नहीं बताओगे तो मैं तुम्हे जान से मार दूंगा कहकर धमकी देने लगा। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 127(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मारपीट के चार आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढालम में जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी तुलसी चौहान पिता स्व. मोहित राम चौहान ग्राम ढालम ने बताया कि 12 जून की रात लगभग 8 बजे आसपास खाना खाकर में घर से बाहर निकला ही था तब हमारे सभी रिश्तेदार बाबूलाल चौहान, धर्मेंद्र सिदार पिता धनीचंद सिदार, रामदास चौहान एवं इंद्रजीत चौहान ने जमीन संबंधी विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट किया। बीच बचाव करने आए उसके बेटे प्रभात चौहान के साथ भी गाली गलौज कर मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**कार्रवाई : वन अमले ने सोनारखान परिक्षेत्र में की कार्रवाई**

# वन विभाग ने पकड़ी 50 हजार की इमारती लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गिधौरी

वन विभाग की टीम ने सोनाखान परिक्षेत्र में गुरुवार क्रो सर्च के दौरान एक बाड़ी में रखे 67 नग चिरान मूल्य लगभग 50 हजार जब्त किया।

जानकारी के अनुसार परिक्षेत्र सोनाखान ग्राम चिखली में सर्चिंग के दौरान तिलक राम पिता दुवारू कर्ष के घर एवं बाड़ी में तलाशी की गई। तलाशी के दौरान सागोन एवं बीजा चिरान 67 नग अवैध रूप से रखा हुआ पाया गया। परिक्षेत्र सहायक सोनाखान, नवागांव एवं वन कर्मचारियों तथा सुरक्षा श्रमिकों द्वारा तलाशी में जब्त वनोपज की अनुमानित क़ीमत 50 हजार रूपये आंकी है। अभियुक्त के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। वन मंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने वन्य प्रेमियों व नागरिकों से अपील की है कि वे वनों और वन्य



प्राणियों के संरक्षण के लिए अवैध कटाई, अवैध शिकार अन्य अपराधों को रोकने के लिए वन विभाग को तत्काल सूचित करें। कार्रवाई के दौरान एससीएफओ योगेश कुमार साहू, बीएफओ खगेश्वर ध्रुव, मुकुल बघेल, बुद्धेश्वर दिवाकर तथा सुरक्षा श्रमिक एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



## 40 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**गिधौरी।** समाधान सेल में महुआ शराब की अवैध बिक्री की सूचना के आधार पर ग्राम बलौदा सबरिया डेरा एवं ग्राम घटमड़वा में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। जिसमें आरोपियों के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब जब्त की गई और 11 क्विंटल महुआ पास नष्ट किया गया। समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर गिधौरी पुलिस टीम ने बलौदा सबरिया डेरा एवं घटमड़वा में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान ग्राम घटमड़वा में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 23 वर्षीय रामेश्वर को गिरफ्तार किया। आरोपी से 8000 कीमत की 40 लीटर महुआ शराब एवं बिक्री रकम 800 रुपए जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां उसे जेल भेजा गया। इसी क्रम में बलौदा सबरिया डेरा में अवैध महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 11 क्विंटल महुआ पास को नष्ट किया।

## ओवर ब्रिज पर सवारी वाहन में लगी आग...



**भाटापारा|** नगर में शनिवार दोपहर 12 बजे ओवर ब्रिज में अचानक चलती वाहन में आग लग गई। वाहन चालक ने कूद कर जान बचाई। अचानक आग लगने से आने जाने वाले लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई व वाहन धू-धू कर जलने लग गया। दमकल की सहयता से आग पर काबू पाया गया |

# मोदी सरकार के 11 सालों की उपलब्धियां भाजपा ने गिनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बलौदाबाजार

- कार्यक्रम में जिले के बड़े नेता मंच पर दिखे एक साथ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को सिद्ध करते हुए एक नई विकास यात्रा तय की है। इसी संदर्भ में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और दूर दृष्टि पर प्रकाश डाला।जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने न केवल अपनी सीमाओं को सुरक्षित किया, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम,


▶▶ शेष पेज 15 पर





### संकट काल में भारतीयों की सुरक्षा

रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान ऑपरेशन गंगा, अफगानिस्तान से ऑपरेशन देवी शक्ति और कोविड के दौरान वंदे भारत मिशन जैसे अभियानों के जरिए मोदी सरकार ने करोड़ों भारतीयों को विदेशों से सुरक्षित स्वदेश लाया।

# पांचवी एवं आठवीं बोर्ड पूरक परीक्षा का मूल्यांकन पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खरोरा

विगत दिनों आयोजित पांचवी एवं आठवीं बोर्ड पूरक परीक्षा के पश्चात छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तीव्र गति से आरंभ किया गया था, जो अब पूर्णतः संपन्न हो चुका है। पचरी संकुल समन्वयक कांत कुमार ने जानकारी दी कि छात्रों की सुविधा और शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा समाप्त होते ही मूल्यांकन कार्य शुरू किया गया, जिसे निर्धारित समय-सीमा में पूरा कर लिया गया है।

संकुल प्राचार्य प्रकाचंद गिलहरे ने बताया कि अब मूल्यांकन उपरांत परीक्षा परिणाम को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है और शीघ्र ही जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। मिडिल स्कूल छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए मूल्यांकन कार्य में किसी




प्रकार की देरी नहीं की गई। परीक्षा और मूल्यांकन की सम्पूर्ण प्रक्रिया पारदर्शिता और गंभीरता से पूर्ण की गई है, जिससे छात्रों को आगे की कक्षाओं में प्रवेश लेने में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

**अब किसान भी पुराने धान के नामों को भूल**

# यादगार बनकर रह गये क्रांति, दुबराज और लुचई धान बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। लवन

आज से 20 से 25 साल पहले किसान अपने खेतों में चेपटी, दुबराज, गुमटियां, लुचई आदि धान का बीज खेतों में बोते थे और भाटा टिकरा में टवरधान को बुआई करते थे। आज ये बीज किसानों के लिए मात्रा यादगार बनकर रह गये हैं। लवन सहित आस पास के गांव के किसानों से पूछने पर उन्होंने बताया कि 20 साल पहले क्या धान की बोआई करते थे, उस धान का नाम भुल गए हैं। ग्राम कोरदा, सारखोर, बरदा के किसानों ने कहा कि पहले के



धान और अब के धान बीज में अंतर है। पुराना धान में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मोटा धान की प्रजातियों में अति वृष्टि और जल भराव के बाद भी खुद को बचा ले की अद्भुत क्षमता थी। अब वह बीज सिर्फ यादों में रह गया है। मानसून के दिनों में असीमित बारिश से कम फसल होती है। पहले इन बीजों की फसलों पर बीमारी भी नहीं लगती थी। जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाता था। क्रांति, चेपटी और गुमटियां दाना मोटा और वजनदार होता था। चावल के रूप में नियमित सेवन किया जाता था। साथ ही पोहा, मुर्रा के साथ लाई भी बनाई जाती थी। यही वजह थी कि यह देसी प्रजातियां, प्रदेश के हर हिस्से में बोई जाती थी।

### गुणवत्ता रहती थी बरकरार

लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य प्राथमिकता के आधार पर इन प्रजातियों की उपज की खरीदी करते थे। किसानों ने बताया कि मानसून के दिनों में अतिवृष्टि या परिप्वक्ता अवधि पूरी कर लेने के दौरान और खेतों में जल भराव ऐसी स्थिति में भी किसान बेफिक्र होते थे। क्योंकि यह प्रजाति अतिवृष्टि या जल भराव जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी खुद को बचा लेने भी सक्षम थी। उत्पादन का मानक स्तर और गुणवत्ता भी बरकरार रहती थी। यह धान कमजोर तना, मानक से ज्यादा ऊंचाई, तेज हवा के प्रति असहनशीलता ही विधाई का कारण बनी, तो गंगई जैसे घातक कीटों का प्रवेश भी इन देसी प्रजातियों की बोनी से किनारा करने के लिए किसानों को मजबूर किया। यह पांचों आज इसलिए याद किए जा रहे हैं कि जब मौसम खराब होता है तो लगातार बारिश होती है और फसल बरबाद होने का डर किसानों को सताने लगता है।




## खबर संक्षेप



### अभनपुर लोकल 5 दिनों के लिए रद्द, टिटलागढ़ पैसेंजर भी नहीं चलेगी

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आरव्हीएच आरएसडी सेक्शन में प्रीएनआई, एनआई कार्य दोहरीकरण कार्य के कारण पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन 21 से 26 जून तक प्रभावित रहेगा। इस वजह से 68761 अभनपुर रायपुर पैसेंजर 22 से 26 जून तक रद्द रहेगी। रायपुर से भी 68762 पैसेंजर को रद्द किया गया है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 58217 टिटलागढ़ रायपुर पैसेंजर 21 से 25 जून तक रद्द रहेगी। 58218 रायपुर टिटलागढ़ पैसेंजर 22 से 26 जून तक नहीं चलेगी। इसके अलावा 58207 रायपुर-जुनारगढ़ रोड पैसेंजर 22 जून एवं 23 जून को रायपुर से 2 घंटे रीशेड्यूल की जाएगी।

### सहायक सांख्यिकी अधिकारी के परिणाम जारी

**रायपुर।** व्यापम द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। कृषि संचालनालय के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। व्यापम ने 13 मार्च को यह परीक्षा ली थी। कैंडिडेट्स व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट में जाकर अपने प्रोफाइल में लॉग-इन करके अपने नतीजे देख सकते हैं।

### रक्त संग्रहण के मामले में 116 फीसदी की उपलब्धि

**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ ने सिर्फ एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं चलाया बल्कि एक ऐसा जनांदोलन खड़ा किया, जिसने सेवा, संकल्प और सामुदायिक चेतना का अप्रतिम



उदाहरण प्रस्तुत हुआ। यह महज़ सरकारी आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि जनमानस की संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का प्रमाण है। राज्य ने 2.55 लाख यूनिट के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले 2 लाख 97हज़ार 130 यूनिट रक्त संग्रह कर 116 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है जो राष्ट्रीय स्तर पर भी एक प्रेरणादायक कीर्तिमान है। जब देश के अनेक राज्यों में रक्त की कमी गंभीर समस्या बनी हुई है, छत्तीसगढ़ का यह मॉडल पूरे भारत के लिए उदाहरण बन सकता है। यह एक 'रक्त आपूर्ति तंत्र' नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज की पहचान है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य में समन्वय पर बैठक

**रायपुर।** शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों और किशोरों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने महानदी भवन नवा रायपुर में एक महत्वपूर्ण अंतरविभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु), एनीमिया मुक्त भारत अभियान , राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस , किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चल रही गतिविधियों की समीक्षा की गई ।

# रावांभाठा में बनेगा कंप्रेस्ड प्लांट, रोज 150 मीट्रिक टन कचरे से बनाई जाएगी बायोगैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर में अब सूखा कचरा बेकार नहीं जाएगा। सूखा कचरा से बायोगैस बनाई जाएगी। इसके लिए शुक्रवार को नगर निगम रायपुर, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) और भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बीच त्रिपक्षीय अनुबंध हुआ।

इस अनुबंध के तहत 100 करोड़ रुपए की लागत से रावांभाठा क्षेत्र में कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित किया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रियायती दर पर भूमि भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा

इस प्लांट में सह-उत्पाद के रूप में प्राप्त जैविक खाद से जैविक खेती को भी प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन में भी कमी आएगी, जिससे पर्यावरण स्वच्छ होगा। अनुबंध हस्ताक्षर के अवसर पर निगम के अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार गुप्ता, सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार और बीपीसीएल मुम्बई के हेड बायोफ्यूल्स अनिल कुमार पी उपस्थित रहे।



■ प्लांट की स्थापना के लिए नगर निगम, सीबीडीए और बीपीसीएल के मध्य हुआ एमओयू

### लोगों को रोजगार के साथ एक करोड़ का जीएसटी मिलेगा

बायोगैस प्लांट के स्थापित होने से जहां प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 30 हजार मानव दिवस प्रतिवर्ष रोजगार सृजित होंगे, साथ ही लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इस प्लांट में पूर्ण क्षमता के उत्पादन एवं विक्रय होने पर प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ रुपए का जीएसटी भी प्रशासन को प्राप्त होगा।

### हर रोज बायोगैस बनाने 150 मीट्रिक टन कचरा का होगा इस्तेमाल

कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीबीडीए सुमित सरकार, हेड बायोफ्यूल्स बीपीसीएल मुम्बई अनिल कुमार पी., नगर निगम आयुक्त विश्वदीप की उपस्थिति में निगम, सीबीडीए और बीपीसीएल के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत निगम एवं आसपास के निगमों से लगभग 150 मीट्रिक टन प्रतिदिन ठोस अपशिष्ट का उपयोग जैव ईंधन उत्पादन में किया जाएगा।

## सुपरवाइजर सहित तीन सेल्समैन अभी फरार

# लालपुर शराब दुकान में मिलावटी एवं बगैर होलोग्राम शराब बेचने का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के लालपुर शासकीय कम्पोजिट शराब दुकान में मिलावटी शराब के साथ बगैर होलोग्राम शराब बेचने का बड़ा खेल चल रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर शुक्रवार को आबकारी विभाग के संभागीय उड़नदस्ता टीम ने रात करीब साढ़े आठ बजे इस दुकान में छापा मारा और यहां से करीब ढाई सौ पेटी चीप रेट ब्रांड की मिलावटी शराब तथा 26 पेटी गोवा ब्रांड की बगैर होलोग्राम शराब बरामद की।

इस दौरान टीम ने यहां कार्यरत तीन सेल्समैन को भी गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। दुकान में कार्यरत सुपरवाइजर सहित तीन सेल्समैन अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

### एडीईओ की लापरवाही भी उजागर

शराब दुकानों की निगरानी के लिए एडीईओ अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन कई अफसर नियमित रूप से शराब दुकानों का निरीक्षण तक नहीं करते, जिसका फायदा शराब दुकानों में कार्यरत सुपरवाइजर एवं सेल्समैन उठाते हैं। बताया गया कि लालपुर क्षेत्र की शराब दुकानों की जिम्मेदारी एडीईओ तिवारी को दी गई है। सूत्रों के अनुसार लालपुर शराब दुकान में मिलावटी एवं बगैर होलोग्राम शराब बेचने की पूर्व में भी सूचना विभाग को मिल चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले की शिकायत मुख्यालय पहुंची, तब जाकर दुकान में दबिश दी गई।

**आबकारी संभागीय उड़नदस्ता टीम ने मारा छापा**

- 3 सेल्समैन गिरफ्तार
- ढाई सौ पेटी चीप रेट ब्रांड की मिलावटी शराब
- 26 पेटी गोवा ब्रांड की बगैर होलोग्राम शराब बरामद की



### शाम को बैठक, रात में छापा

*आबकारी विभाग के अधिकारियों की शाम को सिविल लाइन स्थित आबकारी कंट्रोल रूम में बैठक हुई। इस बैठक के कुछ घंटे के बाद संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने लालपुर स्थित कंपोजिट शराब दुकान में छापा मारा। सूत्रों की मानें, तो छापा मारने की खबर जिला विभाग के अधिकारियों को भी नहीं दी गई थी। छापा मारने के बाद इस कार्रवाई की सूचना उन तक पहुंची। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस छापा मारी में दुकान से मिलावटी शराब के अलावा बगैर होलोग्राम शराब भी बरामद की गई है। इसमें चीप रेट ब्रांड की 250 मिलावटी शराब की पेटी तथा गोवा ब्रांड की बगैर होलोग्राम 26 पेटी शराब शामिल है। सूत्रों की मानें, तो इसके अलावा दुकान से ऑनलाइन स्टॉक में भी गड़बड़ी पाई गई है, जिसकी जांच की जा रही है।*

# ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़ेंगे स्कूली छात्र ओलंपियाड के जरिए बताया जाएगा कॅरियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑटोमोबाइल सेक्टर में युवाओं की रुचि जगाने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल के साथ मिलकर नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड की शुरुआत की है। इस बाबत सीबीएसई की ओर से सभी स्कूलों को एक पत्र भेजा गया है। पत्र के मुताबिक, कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्र इस ओलंपियाड में 31 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह ओलंपियाड का चौथा संस्करण है।

सीबीएसई के मुताबिक, इस ओलंपियाड के माध्यम से छात्र भविष्य की मोबिलिटी- इलेक्ट्रिक, कनेक्टेड और ऑटोनॉमस थीम के माध्यम से छात्र मेकाट्रॉनिक्स, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और सस्टेनेबल मोबिलिटी जैसे उभरते क्षेत्रों से परिचित होंगे और इन क्षेत्रों में कॅरिअर की दिशा में सोच सकेंगे। राष्ट्रीय ऑटोमोबाइल ओलंपियाड देशभर के युवाओं को ऑटोमोबाइल उद्योग में आकांक्षी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।




- जुलाई अंत तक दिया जाएगा समय, सभी बोर्ड के छात्र बन सकेंगे हिस्सा
- छत्तीसगढ़ के शाला प्राचार्यों को भी लिखा गया खत

### तीन स्तर पर प्रतियोगिता

*इस ओलंपियाड के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ओलंपियाड तीन स्तरीय होगी। पहले स्तर के तहत छठी से आठवीं के छात्र, दूसरे स्तर में नौवीं व दसवीं व तीसरे स्तर में ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्र शामिल होंगे।*


*क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिता अक्टूबर-नवंबर में जबकि राष्ट्रीय स्तर का फाइनल दिसंबर में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होगी, इसमें सभी शिक्षा बोर्ड के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। अर्थात सीबीएसई के साथ ही राज्य शिक्षा बोर्ड के छात्र भी इसमें हिस्सा ले सकेंगे।*

### प्राचार्य करेंगे प्रेरित

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों से इस प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही प्राचार्यों से भी कहा गया है कि वे छात्रों को अपने स्तर पर इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। बोर्ड का मानना है कि ओलंपियाड छात्रों को 21वीं सदी के कौशल से लैस करता है। यह प्रयास छात्रों को एक समग्र और कौशल आधारित शिक्षा के लिए प्रेरित करना है, जो एनईपी की सोच के अनुरूप है।

# परिवार गया विवाह समारोह में, चोर ने किया घर साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- गुढ़ियारी थाने में महिला ने लिखाई साढ़े 11 लाख चोरी की रिपोर्ट
- घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया, संदिग्ध घर के आसपास मंडराते दिख रहा

गुढ़ियारी थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ साढ़े 11 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उनका परिवार विवाह समारोह में शामिल होने गया था, इस दौरान अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान में दबिश देकर चोरी की। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें परिवार विवाह समारोह में जा रहा था, इस दौरान एक संदिग्ध मौके पर घर के लोगों को कार में सवार होकर जाते देख रहा है। गुढ़ियारी, आंबेडकर चौक निवासी मीना रंगारी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मीना ने पुलिस को बताया है कि बुधवार दोपहर उनका परिवार एक विवाह समारोह में शामिल होने टाटीबंध, अग्रसेन भवन में गया था। दूसरे दिन तड़के साढ़े तीन बजे लौटे तो मेन गेट का ताला टूटा मिला।

अज्ञात चोर अलमारी का लॉकर तोड़ लॉकर के अंदर रखे जेवर चोरी कर ले गया था। पुलिस को आशंका है कि जो व्यक्ति मीना के परिवार को विवाह समारोह में जाते देख रहा है, उसी ने चोरी की होगी।

### चोरी के आरोप में नाबालिग गिरफ्तार

घटना स्थल से प्राप्त सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने मीना के घर चोरी करने के आरोप में एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। नाबालिग ने पुलिस को बताया है कि उसने मीना तथा उनके परिवार को विवाह समारोह में जाते देख लिया था। इसलिए वह सूनेपन का फायदा उठाकर मौके पर ही चोरी करने का प्लान तैयार कर मकान में चोरी करने पहुंचा। पुलिस ने नाबालिग के कब्जे से चोरी के जेवर बरमाद कर लिए हैं।

# मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री श्रमिकों के 31 मेधावी बच्चों को देंगे प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में आए पंजीकृत श्रमिकों के कुल 31 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह 15 जून को न्यू सर्किट हाउस में कार्यक्रम के दौरान दो-दो लाख रुपए प्रोत्साहन राशि भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है। श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सनिर्माण एवं कर्मकार कल्याण मंडल योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है।

**डीबीटी के माध्यम से 38200 निर्माण श्रमिकों के खाते में 19.71 करोड़ करेंगे अंतरित**

### वाहन के लिए 1 लाख और नकद प्रोत्साहन राशि 1 लाख

श्रम मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि मंडल के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में 10वीं कक्षा के 26 और 12वीं कक्षा के 5 बच्चों सहित कुल 31 श्रमिक बच्चों को 2 लाख प्रति छात्र दिए जाएंगे. इसमें 1 लाख दोपहिया वाहन के लिए और 1 लाख नकद प्रोत्साहन राशि के रूप में शामिल है। इसी तरह में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने राज्य के 38200 निर्माण श्रमिकों के लिए 19.71 करोड़ से ज्यादा की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी की जाएगी। यह राशि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान की जाएगी। मिनीमाता महतारी जतन योजना 1,915 श्रमिकों को 3.83 करोड़, मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना 279 श्रमिकों को 10.33 लाख, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना 6,319 श्रमिकों को 2.19 करोड़, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना 12 श्रमिकों को 94,800, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना 4,825 श्रमिकों को 96.17 लाख, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना 155 श्रमिकों को 37.63 लाख, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना 2 श्रमिकों को 40,000, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना 4,939 श्रमिकों को 74.08 लाख श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# वीरेंद्र तोमर की पत्नी के साथ दो अन्य को पुलिस ने जेल भेजा

- गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला दिल्ली की तथा दूसरा मध्यप्रदेश का रहने वाला
- पूछताछ में सहयोग नहीं करने तथा मारपीट करने के आरोप में तीनों की गिरफ्तारी की गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवार के साथ मिलकर सामूहिक रूप से सूदखोरी का कारोबार करने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश वीरेंद्र तोमर की पत्नी को पुलिस ने एक्सटार्सन, कर्जा एक्ट तथा यू-ट्यूबर तथा उसके कैमरामैन को बंधक बनाकर मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

यू-ट्यूबर तथा उसके कैमरामैन से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने और दो अन्य को भी गिरफ्तार किया है। जिन दो अन्य को गिरफ्तार किया है, उनमें दिल्ली की एक महिला तथा मध्यप्रदेश का एक व्यक्ति शामिल है। पुलिस ने जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें वीरेंद्र की पत्नी शुभ्रा सिंह उर्फ नेहा के साथ अपने आपको करणी सेना महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष बताने वाली दिल्ली निवासी संगीता सिंह तथा वीरेंद्र तथा रोहित का मददगार मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी प्रभंजन सिंह है। यू-ट्यूबर माना निवासी गायत्री सिंह ने तीनों के खिलाफ मारपीट करने, कैमरा तोड़ने तथा घर में बंधक बनाकर मारपीट करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है। गायत्री ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार को वह अपने कैमरामैन के साथ वीरेंद्र के घर के बाहर शूटिंग कर रहे थे। इसी दौरान संगीता तथा प्रभंजन कार से उतरे और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए कैमरा जमीन पर पटक दिया और मारपीट करने लगे। इस दौरान वीरेंद्र की पत्नी घर से बाहर निकली और तीनों ने मिलकर गायत्री तथा उसके कैमरामैन को जबरन घर के अंदर ले जाकर बंधक बनाकर मारपीट की।

### पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे

वीरेंद्र, रोहित तथा उनके परिवार के अन्य सदस्य के खिलाफ गिरोह बनाकर सूदखोरी करने के साथ लोगों की प्रॉपर्टी जबरन कब्जा करने, दिए गए कर्ज के बदले कई गुना ज्यादा रकम वसूलने के साथ ब्लैकमेलिंग करने के गंभीर आरोप हैं। इन मामलों में पुलिस ने वीरेंद्र तथा रोहित की पत्नी को पूछताछ करने पूर्व में बुलाया था। बावजूद इसके वीरेंद्र तथा रोहित की पत्नी ने पूछताछ में पुलिस की किसी भी तरह से मदद नहीं की। इसके कारण पुलिस ने वीरेंद्र की पत्नी को गिरफ्तार किया है। वीरेंद्र तथा रोहित तोमर के परिवार से जुड़े दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वीरेंद्र की पत्नी के पूर्व उसके भतीजे को गिरफ्तार किया है, जो वर्तमान में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है।

## छह माह से चल रही है कवायद, अब तक फैसला नहीं

# इंतहा हो गई इंतजार की, अब तक आई न खबर मंत्रिमंडल विस्तार की

हरिभूमि ▶▶| रायपुर

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार को बने डेढ़ साल हो गए हैं, लेकिन अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार अटका हुआ है। पहले ही एक मंत्री का पद खाली रखा गया था। इसके बाद बीते साल बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा चुनाव लड़ने के कारण उनके इस्तीफे से एक और मंत्री का पद खाली हो गया। इसके बाद यह बात सामने आई कि छत्तीसगढ़ में भी हरियाणा का फार्मूला लागू करते हुए 14 मंत्री रखे जाएंगे। ऐसे में तीन मंत्री बनाने की कवायद बीते छह माह से चल रही है। लगातार एक ही बात बार-बार कही जा रही है कि थोड़ा इंतजार करें, जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार होगा।

अब तो इंतहा हो गई है इंतजार की, छह माह बाद भी अब तक खबर नहीं आई है मंत्रिमंडल विस्तार की। मंत्रिमंडल के लिए अब तक न तो चेहरे ही तय हुए हैं और न ही राष्ट्रीय संगठन से हरी झंडी मिली है। कई बार मुख्यमंत्री दिल्ली का भी दौरा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री साय का लगातार एक ही बयान सामने आ रहा है कि थोड़ा इंतजार करें, मंत्रिमंडल का विस्तार समय पर होगा। यह सब कब आएगा, इसका इंतजार सब कर रहे हैं। प्रदेश में जब 2023 में भाजपा की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री के अलावा 11 मंत्रियों को मंत्रिमंडल में रखा गया। एक मंत्री का पद खाली रखा गया। इसके बाद बीते साल मई में जब लोकसभा का चुनाव हुआ तो प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को लोकसभा का चुनाव लड़वाया गया। उनके जीतने के बाद उनको विधायक और मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा।

### कई दिग्गज दावेदार

मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए थोक में कई दिग्गज दावेदार हैं। इसमें पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत के साथ ही धरमलाल कौशिक, गजेंद्र यादव, लता उसेंडी, विक्रम उसेंडी, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी के नाम अहम हैं। वैसे पहले भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव का भी नाम था, लेकिन उनको राष्ट्रीय संगठन ने वापस प्रदेशाध्यक्ष की कमान सौंप दी है। ऐसे में उनका नाम अब दावेदारों से अलग हो गया है।



### हरियाणा फार्मूला

बीते साल जब मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा प्रारंभ हुई तो यह बात सामने आई कि छत्तीसगढ़ में भी अब हरियाणा का फार्मूला लागू करते हुए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 14 सदस्य रखे जाएंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री साय का बयान भी सामने आया कि हरियाणा का फार्मूला लागू करने की तैयारी है।

### कई बार आई शपथ ग्रहण की खबर

मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बीते करीब छह माह से लगातार कवायद चल रही है। कुछ अवसरों पर यह बात भी सामने आई कि मंत्रिमंडल का विस्तार अमूख तारीख को किया जा रहा है और इसके लिए शपथ ग्रहण की तैयारी हो गई है। अप्रैल में निगम, मंडल, आयोग की पहली सूची के बाद कहा गया कि नवरात्रि में ही मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए तीन नाम भी सामने आए जिसमें बिलासपुर से अमर अग्रवाल, दुर्ग से गजेंद्र यादव और रायपुर से पुरंदर मिश्रा को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की बात की गई। लेकिन यह सिर्फ चर्चा की साबित हुई। अब तक यह फाइनल नहीं हो सका है कि तीन मंत्री आखिर कौन होंगे जिनको मंत्रिमंडल में स्थान मिलेगा। वैसे दावेदार कई हैं।

# विमान हादसे में दिवंगत यात्रियों को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** मार्निंग वॉक एवं कॉफी ग्रुप शंकर नगर चौपाटी द्वारा अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगतजनों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद , बिहारी राम वर्मा पूर्व सरपंच सरोरा, डीआर साहू, सीताराम वर्मा, सीताराम कुर्रे वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, रामानंद पाण्डेय वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, सुधीर चौबे महामंत्री भाजपा शंकर नगर मंडल, रामेश्वर साहू, पत्रकार दिलीप नामपल्लीवार, बबला ध्रुव, शिवलाल देवांगन, लंकेश वर्मा, राधे निषाद, मोहन राव, बबला साहू, कामेश साहू, सुभाष, मुकेश तिवारी, राजू प्रजापति, कृष्णकांत शर्मा, राजेश मिश्रा, टोमन यादव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सत्रारंभ पूर्व तैयारियों पर केंद्रित बैठक का आयोजन

**महासमुंद।** विकासखंड महासमुंद के अंतर्गत संकुल स्त्रोत केंद्र बम्हनी में शैक्षिक सत्र आरंभ होने के पूर्व एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता गैमून सिंह कागजी, प्रभारी प्राचार्य संकुल स्त्रोत केंद्र बम्हनी ने की, साथ ही संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू की मौजूदगी रही। बैठक के दौरान शाला प्रवेश पूर्व की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक विचार किया गया, जिसमें पुस्तकें स्कैनिंग, गणेश वितरण कार्यक्रम, साइकिल वितरण सहित शैक्षिक व्यवस्था सुदृढ़ बनाने संबंधी आदेश दिए गए। इस दौरान प्रधान पाठक अशोक त्रिपाठी, नम्रता यादव, चेतन सिंह दीवान, स्वाति शर्मा, केसरी चंद्राकर, कन्हैया साहू, मंजू चंद्राकर एवं सरस्वती प्रधान सहित शैक्षिक स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता किया।


### प्रसाद वितरण हुआ

**महासमुंद।** कबीर आश्रम सत्संग समिति ग्राम भोरिंग के तत्वावधान में बुधवार को संत शिरोमणी श्री सद गुरुदेव कबीर साहेब के पावन जयती, संत नरेन्द्र साहेब के पावन सानिध्य में सत्संग भजन, पूजन के साथ सुबह से शीतल पेय वितरण एवं समापन के साथ प्रसाद के रूप में खीर पूड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समीती के संयोजक -उधोलाल प्रजापति अध्यक्ष रेखराम साहू सचिव मदनलाल साहू पोस्टमास्टर सदस्यगण –विष्णु राम साहू आश्रित राम संतोष कुमार कंपराम साहू रामनारायण बेनी साहेब विश्वानाथ साहू, रामलाल साहू, आरपी कुशवाहा, संतोष मानिकपुरी, झम्मन दास मानिकपुरी, बेदन दास मानिकपुरी, उघोराम साहू, राजकुमार प्रजापति, कोमल साहू, कुन्दन प्रजापति, धनंजय प्रजापति, सुरेश मारकंडे आदि तथा बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

## निधन

### भुवन निषाद

**महासमुंद।** स्थानीय लालवानी गली निवासी 85 वर्षीय भुवन निषाद का स्वास्थ्यगत कारणों से निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर मार्ग स्थित मुक्तिधाम में शनिवार 14 जून को किया गया। वे नरेश, सुरेश, संतोष, गायत्री निषाद के पिता थे।



### जिले के प्रभारी मंत्री से पूछे गए सवाल लेकिन टाल दिए

# गिरफ्तार युवक की मौत, पत्नी ने जेल और पुलिस पर लगाये आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

थाना पलारी क्षेत्र के ग्राम खैरी निवासी 34 वर्षीय उमेन्द्र बघेल की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उमेद्र को 8 जून को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। जेल में चार दिन तक रहने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ती रही और अंततः उसकी मौत हो गई। परिजनों को इसकी जानकारी मौत के बाद दी गई। बलौदा बाजार जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से इस विषय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल पूछे जाने पर जवाब नहीं दिए, सवाल को टाल दिए।

**प्रशासनिक लापरवाही**



परिजन मृतक की पत्नी शकुंतला बघेल ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि उनके पति को झूठे शराब बिक्री के आरोप में फंसाया गया और बुरी तरह पीटा गया। उनका कहना है कि उनके पति परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे और अब तीन छोटे बच्चों की पढ़ाई और घर की जिम्मेदारी उन पर आ गई है। उन्होंने सरकार से मांग की हैं कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, बच्चों की पढ़ाई के लिए सरकारी सहायता, उचित मुआवजा दें। उन्होंने कहा जब तक मुझे न्याय नहीं मिलेगा, मैं संघर्ष करती रहूंगी।

**शरीर पर थे चोट के निशान : ग्रामीण**

ग्रामीण योगेश कुमार ने बताया कि अंतिम संस्कार से पहले शव के शरीर पर चोट के कई निशान थे। कंधा, पेट, कूल्हा और हाथों पर गंभीर चोटें और सूजन थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उमेन्द्र बघेल को हिरासत में या जेल में प्रताड़ित किया गया होगा।

**जांच जारी है**



उमेंद्र बघेल को 8 जून को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। 10 जून को उसकी तबीयत खराब हुई। मौत का कारण अभी अज्ञात है, जांच जारी है।
-**अभिषेक सिंह**, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

**विचाराधीन कैदी अल्कोहलिक था : जेल प्रशासन**

जेल अधीक्षक अभिषेक मिश्रा ने कहा कि विचाराधीन कैदी अल्कोहलिक था, जेल प्रक्रिया के तहत अल्कोहलिक विड्रॉल के लिए 8 तारीख को ही कैदी को हॉस्पिटल भेजा गया। पुनः 9 तारीख को हॉस्पिटल भेजा गया एवं 10 तारीख से जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जेल मैन्युअल के अनुसार परिजनों को सूचना भी दी गई।

**शराब बनाते पकड़ाया था**

पलारी पुलिस का दावा है कि उमेन्द्र बघेल को अन्य आरोपियों के साथ 140 लीटर महुआ शराब और शराब बनाने के उपकरणों के साथ पकड़ा गया था। सभी पर 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

**पोस्टमार्टम रिपोट नहीं आयी**

जिला अस्पताल के प्रभारी डॉ. अशोक वर्मा ने बताया की तीन डॉक्टर्स की जांच समिति बनी हैं, पोस्टमार्टम हो चुका हैं अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है।

**कड़ी कार्रवाई हो**

कसडोल विधायक संदीप साहू ने इस घटना को पुलिस और जेल प्रशासन की लापरवाही बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

**झूठ बोलकर उठाया गया**

ग्राम पंचायत खैरी के कोटवार रामप्रसाद टंडन ने बताया कि उमेद्र शराब बेचता नहीं था, वह दिहाड़ी मजदूरी करता था और कभी भी शराब निर्माण या बिक्री से जुड़ा नहीं था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने झूठ बोलकर सामान गाड़ी में रखना है कहकर उमेद्र को अपने साथ ले गई और जेल भेज दिया। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी रोष है।



## सत्रारंभ से पूर्व संकुल केंद्र गड़बेड़ा में बैठक हुई, दिए गए दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ से पूर्व संकुल केंद्र गड़बेड़ा में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के समस्त प्रधान पाठकों, शिक्षकों, रसोइयों तथा सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन संकुल समन्वयक लोकनाथ सिन्हा द्वारा किया गया, जिसमें शासन से प्राप्त विभिन्न दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग, शाला प्रवेश उत्सव, गणवेश वितरण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण, जाति प्रमाण पत्र तैयार करना, छात्र-छात्राओं की आधार आईडी बनाना, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, 'मोर गांव मोर पानी' योजना के तहत वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण, यू-डाइस में प्रगति दर्ज करना तथा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर युक्तिकरण के तहत संकुल से अन्य विद्यालयों में स्थानांतरित शिक्षकों को विदाई दी गई।

बैठक में प्रधान पाठक दयाराम पटेल, सरस्वती पटेल, हितेश पटेल, बेदराम सिन्हा, नरेंद्र दीवान, हेमंत खूंटे, लक्ष्मी पटेल, संतोष साहू, घनश्याम ठाकुर, नूतन साहू, कृष्ण कुमार ठाकुर, पवन कुमार पटेल, ललिता मार्कंडेय, जितेंद्र कुमार पटेल, धरममति नायक, सरोज पटेल, विद्यावती ध्रुव सहित समस्त रसोइया एवं सफाई कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के अंत में आभार प्रदर्शन हेमंत खूंटे द्वारा किया गया।



### बनियातोरा में मनाया गया चावल उत्सव

**नर्रा।** मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के अतर्गत जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित बनियातोरा के राशन कार्ड हितग्राहियों को जून माह में तीन महीने का एकमुश्त चावल वितरण को छग शासन द्वारा चावल उत्सव के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। स्थानीय जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल उप सरपंच खिलावन यादव इत्यादि ने उचित मूल्य की दुकान में चावल उत्सव का शुभरांभ किया गया। इस दौरान दिलेश पटेल, यादराम पटेल, तुलाराम पटेल, मुलचंद पटेल, दौलत पटेल, धरम पटेल, थानु ठाकुर, थानेश्वर पटेल, सुसैन यादव यतुकाराम यादव, गोमती, रैनी पटेल, हेमो बाई तोष बाई, सुख बाई अशोक पटेल, नवीन सेन, विष्णु यादव राधेश्याम, परशोधन, लेखराम पटेल कुंज बिहारी पटेल, खूब चंद पटेल, सालिक पटेल, ईतवारू यादव समेत राशनकार्ड हितग्राही उपस्थित रहे।



### चावल उत्सव मनाया गया

**बागबाहरा।** आदर्श ग्राम पंचायत बकमा, उचित मूल्य दुकान बकमा दुकान में चावल उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमे उपस्थित सम्माननीय-लिलेश्वर साहू (सरपंच आदर्श ग्राम पंचायत बकमा), कमल नारायण साहू (उपसरपंच) तुलाराम साहू (वार्ड पंच), कोमल पटेल (सेल्समैन) जालमसिंग पटेल, पीर खान, गणेश चक्रधारी, देवनारायणसाहू, डालेश्वर पटेल, रामलाल पटेल, नेतराम पटेल, लक्ष्मण दास, भानु चक्रधारी, जोगीराम यादव, रामाधिन बाग एवं राशन कार्डधारी उपस्थित रहे।

## नई जेसीबी मशीन की महिला पार्षदों ने पूजा कर शहर के लिए किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका कार्यालय परिसर में नए जेसीबी मशीन का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की उपस्थिति में महिला पार्षदों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शहर के विकास कार्यों के लिए जेसीबी को समर्पित किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि यह आधुनिक मशीन अब क्षेत्र में सफाई, निर्माण व अन्य विकास कार्यों में गति लाएगी और नागरिकों को सुविधाएं देने में सहायक सिद्ध होगी।

इस मशीन के साथ अब पालिका में चार जेसीबी मशीन उपलब्ध हो गया है। जिससे अब किसी भी प्रकार के आवश्यक कार्य आने पर इन मशीनों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका महासमुंद क्षेत्रवासियों की सेवा और समृद्धि के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, सभापति जय देवांगन, सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, सभापति गुलशन साहू, सभापति बबलू सूरज नायक, सभापति ईश्वरी भोई, पार्षद मुस्ताक खान, पार्षद ओमिन टोमन कागज़, पार्षद राहुल आवड़े, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद सीता टोंडेकर, पार्षद धनेश्वरी सोनवानी, पार्षद बड़े मुन्ना देवार, पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, पार्षद भाऊ राम साहू, पार्षद माधुरी धनीराम यदु, पार्षद जरीना हाफिज कुरैशी, पार्षद भारती राजू चंद्राकर, प्रीति बदल मक्कड़ आदि उपस्थित थे।

### गुडरूपारा तालाब की सफाई नहीं हो रही

**महासमुंद।** शहर वार्ड नं. 18 स्थित गुडरूपारा तालाब का निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नं. 18 पार्षद पति धनीराम यदु, पार्षद चंद्रशेखर जलक्षत्री ने किया। राठी ने बताया कि तालाब जलकुंभी से भरा हुआ है बरसात के पहले सफाई की जरूरत है। जलकुंभी के चलते लोग निस्तारी नही कर पा रहे है। हालांकि कुछ दिन पहले जेसीबी से तालाब के आस पास की सफाई हुई थी लेकिन जलकुंभी की सफाई जेसीबी से नही हो सकती इसके लिए मैनुअल सफाई की जरूरत है सफाई प्रभारी को दूरभाष पर निर्देश दिया गया कि तालाब की सफाई के लिए नगर पालिका से सफाई दस्ता भेजे तथा बरसात के पहले सफाई आवश्यक है, अगर नगर पालिका के कर्मचारियों से सफाई नही हो पाती तो ऐसी स्थिति में भावपत्र से मछुआरों से साफ कराएं। लगभग शहर के सभी तालाबों की स्थिति खराब है गंदगी से भरा हुआ है। जनता को भी जागरूक होने की जरूरत है कि तालाबों को साफ सुथरा रखे अवशिष्ट पदार्थ तालाब में न डालें। छ.ग. शासन तालाबों का संरक्षण व सौंदर्यीकरण के लिए जागरूक है शीघ्र ही सरकार बजट जारी करेगी। 16वें वित्त भी आने वाला है उससे भी शहर के तालाबों को संरक्षित किया जा सकता है।



### तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश के लिए हुआ ट्रॉयल

**बागबाहरा।** खेल एवं युवा कल्याणविभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर में नवीन सत्र में प्रवेश के लिए राज्य भर के विद्यार्थियों का ट्रायल लिया गया। जिसमें शासकीय हाई स्कूल खोपली व बाल आश्रम बिहाझर के कक्षा 10 वीं के छात्र अमर कुमार, प्रियांशु साहू, एवं टोपू ध्रुव का तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर छत्तीसगढ़ में हुआ है। तीनों छात्र आगे की पढ़ाई तथा तीरंदाजी प्रशिक्षण बहतराई आवासीय केंद्र बिलासपुर में रहकर प्राप्त करेगा। छात्रों की।



इस सफलता पर खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनोज धृतलहरे, डीईओ महासमुंद विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंदकिशोर सिंहा, सतीश नायर, जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, एबीईओ रामता डे, प्राचार्य भोपाल बंजारा, पूर्णेंद्र चंद्राकर अधीक्षक बाल आश्रम बिहाझर, दिनेश चंद्राकर एसएमडीसी, अध्यक्ष, जयंती चंद्राकर, निरंकार चंद्राकर, रूपलाल टांडे विद्यासागर ठाकुर सरपंच खोपली, ऋषि साहू, हिरेंद्र देवांगन, सोमनाथ साहू संकुल समन्वयक प्रदीप वर्मा, प्रमिला साहू, ममता साहू, महेंद्र बंजारे, पुष्पा चंद्राकर, किशन साहू, सोहद्रा देवांगन, डिंपल वर्मा, भीमसेन चंद्राकर पूर्व समन्वयक सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया।

## प्रधानमंत्री आवास से युवक वंचित, सरपंच-सचिव ने आमसभा में बता दिया अपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम पंचायत सरेकेल के प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही हरदीप बैष्णव ने जनपद उपाध्यक्ष एवं जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लिखित शिकायत किया है कि 21 मई को सरपंच राजकुमारी साहू एवं सचिव राकेश साहू द्वारा आम सभा बैठक कर उनका प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति को अविवाहित होने का कारण बताकर प्रस्ताव पारित कर अपात्र श्रेणी का बताया है।

हितग्राही का कहना है कि 2018 के सर्वे आवास प्लस में उनका नाम है। जिसका स्वीकृति 2025 में मिल चुकी है लेकिन पंचायत के आमसभा प्रस्ताव के कारण वह लाभान्वित होने से वंचित है। उसने कहा कि वह काफी गरीब आदमी है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण विवाह नहीं कर पा रहा हूं और रहने को घर भी नहीं है। वह 35 साल का है, इसके पहले भी भी झलप सुशासन दिवस में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से भी गुहार लगाई था। विधायक द्वारा सुशासन स्थल पर ही जनपद सीईओ वा सरपंच सचिव को निर्देश दिए थे आवास का लाभ दिया जाए लेकिन आजतक न्याय नहीं मिला।

जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने बताया कि 22 मई को वह शिकायत लेकर आया था। झलप सुशासन तिहार में अपनी पीड़ा व्यक्त की तथा 12 जून को पुनः अपनी शिकायत लेकर आया है।

## पिथौरा के 11 आधार ऑपरेटरों पर 9.83 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड के 11 आधार ऑपरेटरों पर नियमों के उल्लंघन को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। इन ऑपरेटरों पर कुल 9, 83, 598 रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। यह कार्रवाई अपर कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स रायपुर के निर्देश पर की गई है।

मिली जानकारी अनुसार, जनवरी 2023 से जून 2024 के बीच आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों में नियमों के पालन में लापरवाही बरती गई थी। संबंधित ऑपरेटरों ने संचालनात्मक दायित्वों का निर्वहन ठीक से नहीं किया। इसी आधार पर जुर्माना किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आधार सेवाओं से जुड़े कार्यों में संहिताबद्ध मानकों का पालन अनिवार्य है। भविष्य में भी नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह जुर्माना लगाए जाने के बाद आधार ऑपरेटरों में नाराजगी देखी जा रही है। उनका आरोप है कि बिना गलती का स्पष्ट विवरण दिए ही पेनाल्टी भेज दी गई है। जानकारी मांगने पर भी अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा, जिससे वे मानसिक तनाव में हैं।

### नियमों को ताक पर रख बिना मापदंड के स्कूलों का किया जा रहा मर्ज

# ऐतिहासिक मान्यता के स्कूलों को मर्ज करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऐतिहासिक मान्यता के स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के नाम पर अन्य स्कूलों में मर्ज किए जाने का विरोध करते हुए पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने सरकार के इस कृत्य को जनभावनाओं से खिलवाड़ बताया है। साथ ही आगामी 16 जून को प्रवेशोत्सव के दिन उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

श्री चंद्राकर ने बताया कि ग्राम खट्टी के प्राथमिक शाला का स्थापना ब्रिटिश शासन काल के दौरान सन 1899 में हुआ है। इस स्कूल में अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किया।

ग्राम के वरिष्ठ बुजुर्गों के अनुसार इस स्कूल के लिए यहां के मालगुजार डागा परिवार द्वारा भूमिदान किया था। स्कूल स्थापना के बाद खट्टी सहित क्षेत्र के 40 ग्रामों के छात्र यहां अध्ययन करने आते थे। स्कूल की ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए 1999 में इस स्कूल के शताब्दी वर्ष मानने के लिए शासन ने 50 हजार रुपए प्रदान किए थे। साथ ही इस स्कूल के ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए शासन ने इसे ऐतिहासिक धरोहर मानकर 4 लाख 95 हजार रुपए अनुदान स्वरूप प्रदान किया था। ताकि स्कूल का रखरखाव सुव्यवस्थित रूप से हो सके। ऐसे ऐतिहासिक स्कूल को किस आधार पर कन्या शाला के साथ मर्ज किया जा रहा है, इस पर प्रशासन अपनी नियत स्पष्ट करें। क्योंकि युक्तियुक्तकरण नियम के कंडिका क्रमांक 6 में स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी ऐतिहासिक, पुरातन मान्यताओं से जुड़े स्कूलों को मर्ज नहीं किया जाए।



यदि खट्टी के इस ऐतिहासिक स्कूल को शासन के आदेश पर युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज किया जा रहा है तो यह भाजपा सरकार की दोहरी चरित्र को दर्शाती है, इससे भाजपा सरकार की कथनी और करनी में फर्क स्पष्ट नजर आ रहा है। भाजपा को लोगों की आस्था, उनकी भावनाओं से कोई सरोकार नहीं। और यदि शासन के आदेशों का उल्लंघन कर प्रशासनिक अधिकारी अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की नियत से इस ऐतिहासिक स्कूल को मर्ज करने में तुली है तो इस तानाशाही पूर्ण कार्रवाई से यही सिद्ध होता है कि प्रशासन को सरकार का भय नहीं है।

सरकार का प्रशासन पर अंकुश नहीं है। अधिकारी अपना अलग शासन चला रहा है। नियमों अनदेखी कर ऐतिहासिक स्कूल को मर्ज किया गया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। आगामी 16 जून को प्रवेशोत्सव के दिन क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीण तथा हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सरकार के गलत नीति, मनमानी पूर्ण कार्रवाई, तानाशाही रवैए के विरोध में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## पेज 13 का शेष

### मोदी सरकार 11...

ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, आईएनएस विक्रांत, तेजस और प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी रक्षा उपकरणों के निर्माण से देश ने आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। मोदी सरकार के दौरान रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ तक पहुंच गया है।

आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की नीति का उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर है, जिसके तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर प्रहार कर भारत ने दुनिया को अपनी नई नीति का संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि आतंक, पानी और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। भारतीय सीमाओं पर किसी भी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा।प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना गरीबों को केवल आंकड़ों में न गिनना, बल्कि नीति निर्माण का केंद्र बनाना है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं से करोड़ों गरीबों को लाभ पहुंचा है। मोदी सरकार में 27 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

**सांस्कृतिक पुनर्जागरण और निर्णायक फैसलें:** पिछले 11 वर्षों में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने, तीन तलाक समाप्त करने, जीएसटी लागू करने और वक्फ कानून में सुधार जैसे ऐतिहासिक निर्णय हुए हैं। मोदी सरकार ने देश की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित प्रेस वार्ता में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, नपा अध्यक्ष अशोक जैन, जिपं अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, नरेश केशरवानी, नीलम सोनी, सुनीता वर्मा, रितेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बलौदाबाजार नगर को जल्द मिल सकता हैं ग्रामीण थाना:** पत्रकारों ने प्रेसवार्ता के उपरांत प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री एवं बलौदाबाजार के विधायक टंकराम वर्मा को बलौदा बाजार हेतु एक ग्रामीण थाने की आवश्यकता बताई, अतिरिक्त थाने की आवश्यकता को समझ कर सारे नेताओं ने इस विषय पर अपनी सहमति दी हैं एवं आश्वासन दिया है की वो जल्द ही बलौदा बाजार को एक अतिरिक्त ग्रामीण थाने की सौगात देंगे।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों के लिए निगम क्षेत्र में लगेगा शिविर

**धमतरी।** आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन हितग्राहियों का आधार कार्ड, बैंक खाता तथा मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने के कारण पेंशन राशि का आहरण नहीं हो पा रहा है। इसके लिये नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा शहर के सभी 40 वार्डों में 14 जून से 2 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से सुबह 9.30 बजे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पहला शिविर हटकेशर एवं शीतलापारा वार्ड के लिए कला मंच नागदेव मंदिर के पास 14 जून शनिवार को एवं 15 जून को लालबगीचा, सुभाष नगर एवं विवेकानंद वार्ड के लिए हमर क्लिनिक कांटा तालाब के पास आयोजित होगा।

### सीएम से शाला प्रवेशोत्सव तिथि को आगे बढ़ाने की मांग

**धमतरी।** छग राज्य अशासकीय शिक्षण संचालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में मांग की है कि नए सत्र में शाला उत्सव की तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। परंतु अभी वातावरण में बहुत गर्मी है। साथ ही छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रदत की जाने वाली निशुल्क पुस्तकें अभी तक छत्तीसगढ़ में किसी भी निजी विद्यालय को नहीं मिली हैं और अभी तक पुस्तक प्रदान करने की कोई भी तिथि निर्धारित नहीं है। चूंकि कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी एवं छठवीं में नए पाठ्यक्रम के आधार पर पुस्तकें प्रदान की जानी है।

## निधन

### सहदेव कंडरा



**बंगोली।** ग्राम बंगोली निवासी 59 वर्षीय सहदेव कंडरा का निधन 14 जून शनिवार को हो गया। उनका मिट्टी कार्यक्रम पारागांव (राजिम) निज निवास से मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल रहे। वे महादेव कंडरा, जगदेव कंडरा के अग्रज एवं लीला कंडरा के पति तथा हेमा कंडरा व शिवा कंडरा के पिता थे। वे जीत कंडरा, कमलनारायण कंडरा, घनेंद्र कंडरा, सरस्वती व रवीना कंडरा के बड़े पिता थे ।

### सच्चानंद देवनानी



**बलौदाबाजार।** स्थानीय निवासी सच्चानंद देवनानी का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को संध्या 4 बजे निज निवास सिंधी कॉलोनी से रायपुर रोड मोक्षधाम के लिए निकाली गई। वे विक्की और अमित देवनानी के पिता थे।

### राजेश सिंह ठाकुर



**बलौदाबाजार।** भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता राजेश सिंह ठाकुर बलौदाबाजार का 14 जून को प्रातः निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्ष धाम में दोपहर 3 बजे होगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान कर परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### संयंत्र के प्रदूषित पानी से फसल नुकसान की खबर पर जिला प्रशासन ने जांच टीम भेजी

# कलेक्टर ने लिया संज्ञान, कृषि विभाग ने की किसानों के खेतों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान



ग्राम रवान में पिछले कई साल से अदाणी अंबुजा सीमेंट संयंत्र से कोल यार्ड का पानी नाले में आता है। इसके चलते आसपास के खेतों में नाले का गंदा पानी भरने से कई किसानों की फसल को नुकसान हुआ है। सीमेंट कंपनियों का प्रदूषित पानी खेतों को कर रहा बर्बाद की इस खबर का प्रकाशन 13 जून को हरिभूमि ने किया। खबर प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर दीपक सोनी ने संज्ञान में लिया है। कलेक्टर ने प्रभावित किसानों के खेतों के निरीक्षण के लिए टीम भेजी। इसमें जिला कृषि अधिकारी दीपक नायक, अधिकारी कृषि जयेंद्र कवार आदि ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित किसानों के खेतों का निरीक्षण किया। किसानों ने अपने खेतों में संयंत्र से निकलने दूषित पानी के नुकसान के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी। साथ ही किसानों ने अपनी समस्या के बारे में बताते हुए कहा, संयंत्र का पानी खेतों में जाकर उर्वरा क्षमता को खत्म कर रहा है।

किसानों ने संयंत्र से निकलने वाले प्रदूषित पानी में कोयले के बारीक कण, डस्ट, फ्लाई ऐश के प्रमाण दिखाये।

#### मुआवजा दिलाने मांग की

किसान दशमत साहू, नंदु साहू, धनेश्वर साहू, छेदू वर्मा ने बताया कि सीमेंट संयंत्र के नाले में बहाये गये पानी से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। कुछ किसानों की तो धान की फसलें भी पूरी तरह से डूब में आने से खराब हो गई थी। लगभग 20 सालों से सीमेंट संयंत्र प्रबंधन से नाले में गंदे पानी बहाये जाने पर रोक लगाने और फसलों को नुकसान होने का मुआवजा दिलाने मांग की।

#### करवाई की जाएगी

संयंत्र अपना दूषित पानी नाले के माध्यम से बाहर छोड़ रहा है। इससे पानी खेतों में जाकर फसलों को नुकसान करते हुए खेत में बुवाई किए हुए बीजों को अंकुरित होने से पहले नष्ट कर रहा है। जिला कृषि अधिकारी दीपक नायक ने कहा जल्दी इस मामले पर करवाई की जाएगी।

## विधायक संदीप ने किया यादव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा में यादव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण में विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ की गई। कार्यक्रम में यादव समाज सहित ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और पंचायत प्रतिनिधि तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुर्रे, जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, सूखदास बंजारे उपस्थित थे।

विधायक संदीप साहू ने कहा कि यह सामुदायिक भवन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर है। इससे ग्रामवासियों को सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा इस भवन के निर्माण से समाज को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और ग्रामीणों को एक उपयुक्त मंच प्राप्त होगा, जहां वे अपने सामूहिक निर्णय ले सकेंगे और कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे।

विधायक संदीप साहू ने भवन निर्माण में सहयोग करने वाले सभी जिम्मेदार लोगों एवं समाज को बधाई दी और कहा वे सदैव क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में विधायक शाल-श्रीफल से स्वागत किया गया।

## ब्रह्माकुमारी संस्था के राजयोग शिविर में शामिल हुए जनप्रतिनिधि



**खरोरा।** ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा ग्राम माठ में राजयोग शिविर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में गो सेवा आयोग से सुरेन्द्र वर्मा, ग्राम पंचायत मांठ के सरपंच विनय वर्मा, जनपद सदस्य अमरीका वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के शुभारंभ में ब्रह्माकुमारी उमा दीदी ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। साथ ही राजयोग शिविर का उद्देश्य बताया और लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भी सभा को सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम में अहमदाबाद विमान हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

## मिस इंडिया यूनिवर्स बनीं दामिनी, विधायक इन्द्र ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कहते हैं मन में लगन हो तो अपनी मंजिल को प्राप्त करने में अच्छी से अच्छी बाधा भी आसानी से दूर हो जाती है और ऐसा ही कुछ कर दिखाया है भाटापारा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम करही बाजार निवासी मध्यम परिवार की बेटी दामिनी देवांगन ने, जिसने मिस इंडिया यूनिवर्स का ताज अपने नाम कर लिया और मॉडलिंग की दुनिया में आगे बढ़ते हुए मिस वर्ल्ड की किताब हासिल करने का सपना संजोए बैठी है। दामिनी की इस उपलब्धि पर विधायक इन्द्र साव ने उनके निवास पहुंच उसे और उसके परिवार को बधाई देते हुए उसे हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

- मॉडलिंग की दुनिया में करही बाजार की दामिनी ने दिखाया जलवा



**परिवार का सहयोग मिला:** विधायक इन्द्र साव से चर्चा में दामिनी ने बताया कि वे फिलहाल एमबीए के अंतिम वर्ष की छात्रा है और प्रोफेशनल फार्मासिस्ट व मेकअप आर्टिस्ट भी हैं। दामिनी मॉडलिंग को अपने जुनून के रूप में देखती हैं और प्राइवेट जॉब के साथ-साथ मॉडलिंग को भी आगे बढ़ा रही हैं। कॉलेज की पढ़ाई के साथ साथ जनवरी 2025 से प्रोफेशनल मॉडलिंग में कदम रखने वाली दामिनी को परिवार का पूरा सहयोग मिला है। उनका सपना है कि वे प्रोफेशनल रनवे मॉडल बने, एड और ब्रांड शूट्स करें और किसी प्रतिष्ठित ब्रांड की ब्रांड एएंबेसडर बनें। आत्मविश्वास से लबरेज दामिनी की उड़ान बड़ी ऊंची है। अपने जीवन में कुछ बड़ा कर गुजरने की ललक उनके दिल व दिमाग में है।

#### सपनों को पूरा करने पूरा आकाश खुला है

विधायक इन्द्र साव से दामिनी ने कहा कि अब तक किसी को अपना आदर्श मानकर मैने यह मिसाल कायम की है और मै चाहती हूँ कि लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनूं। लोगों के लिए रोल मॉडल बनूं। दामिनी का कहना है कि जिंदगी में कोई भी चीज असम्भव नहीं है बसशर्ते उसे पाने की कोशिश की जाए। उड़ान भरने के लिए सारा आकाश खुला है अपने सपनों को पूरा करने के लिए टूट पड़ें सफलता जरूर कदम चूमेगी।

विधायक इन्द्र साव ने बताया कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करहीबाजार निवासी नारायण देवांगन की बेटी दामिनी देवांगन ने गोवा के कैडोलिम बीच स्थित होटल सोनैस्टा इन में आयोजित नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट शो में मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 का खिताब जीतकर भाटापारा सहित पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। दामिनी इससे पहले जनवरी 2025 में मिस छत्तीसगढ़ विनर भी रह चुकी हैं।

विधायक साव ने कहा कि उनके पास जब ये जानकारी आई तो मन फ़फ़ुल्लित हो गया, कि एक मध्यम परिवार की बेटी ने मॉडलिंग की दुनिया में पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पिता नारायण देवांगन एक छोटी सी शॉप चलाते हैं और उनकी माता ग्रहणी है तथा उसके दो छोटे भाइयों का परिवार है।

## छग के 36 शिक्षकों की कड़ी मेहनत है पुस्तक उदीम : विधायक सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

राज्य के अलग अलग जिलों के 36 सक्रिय और नवाचारी शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधि आधारित नवाचारी क्रियाकलापों की पुस्तक उदीम-सीखने सिखाने का एक प्रयास का विमोचन व लेखक शिक्षकों का सम्मान शुक्रवार को वृंदावन हॉल रायपुर में विधायक सुनील सोनी ने किया।

- प्रदेश के 36 शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित पुस्तक उदीम का विमोचन

इसी कड़ी मे कसडोल विकासखंड से राज्य में अपना विशेष स्थान बनाने वाले नवाचारी शिक्षक योगेश्वर कुमार साहू का सम्मान सुनील सोनी के हाथों हुआ। यह सम्मान उदीम पुस्तक में उनके उल्लेखनीय लेखन कार्यों में योगदान के लिए दिया गया। उदीम सिर्फ एक पुस्तक मात्र नहीं है, बल्कि छग के 36 शिक्षकों की कड़ी मेहनत है, जो अपने स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए करते हैं। वास्तव में छग में अपने आप में एक अनोखा प्रयोग है। सभी के विचारों को एक मंच में संजोना इतना आसान नहीं था, इसके लिए कई महीनों की कड़ी मेहनत, काम के प्रति समर्पण और कुछ नया कर गुजरने का हौंसला इन्ही सब बातों ने इस कार्यक्रम को सफल



बनाया। कार्यक्रम में पुस्तक के संयोजक लोकेश कुमार वर्मा, संपादक भारती वर्मा व सह सम्पादक सईदा खान सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नवाचारी शिक्षकों को संबोधित करते हुए विधायक सोनी ने कहा कि शिक्षक वन्दनीय है, मैं हमेशा शिक्षकों के कार्यों की सराहना करता हूं। आप सभी द्वारा अपने शालाओं में सम्पन्न गतिविधियों के क्रियाकलापों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित करने पर आप सभी को बधाई। नवाचारी गतिविधियों आधारित पुस्तक उदीम में बालवाड़ी स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक के बच्चों को अंक, अक्षर व मात्रा ज्ञान, भाषायी कौशल, गणितीय कौशल, विज्ञान के सरल प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को रुचिकर बनाने, अनुपयोगी व कबाड़ के वस्तुओं से उपयोगी व सजावटी वस्तु निर्माण की कला, बांस कला, मिट्टी कला, प्रिंट रिच वातावरण, खेल-खेल में शिक्षा, वातावरण को हरितम समृध्द करने पर्यावरणीय शिक्षा, पूर्व व्यावसायिक शिक्षा आदि पर रोचक तरीके से गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिसके द्वारा बच्चों को एक आनंददायी वातावरण में अपेक्षित अधिगम लक्ष्य प्राप्ति की ओर ले जाया जा सकता है। यह पुस्तक बच्चों को नए सत्र में विद्यालय एवं पढ़ाई से जोड़ने में सहायक सिध्द होगी। लेखक मंडल में शीतल बैस, शीला गुरु गोस्वामी, ऋतू वर्मा, नीतिका जेकब, अराधना वर्मा, अर्चना साहू, संध्या पैकरा, कविता सरशीहा, निहारिका तिवारी, नीलम वर्मा, ऋचाबाला गुप्ता, योगेश्वरी साहू, गीता साहू, चन्दा सिन्हा, मोनू गुप्ता, भुनेश्वरी साहू, बिंदु वर्मा, शकुन्तला साहू, संतोषी डनसेना, सरोजनी देवी वर्मा, सीमा जायसवाल, सुनीता साहू, सुमन जार्ज, सुमिता शर्मा, हर्षलता मिश्रा, पुष्पा शर्मा, महादेव प्रसाद जायसवाल, रूद्र कुमार शर्मा, कलेश्वर साहू, राजेश कुमार यादव , उमा शंकर साहू, खोमन सिन्हा व मुकेश रैकवार शामिल हैं।

## कुर्मी समाज ने मुक्तिधाम में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत मुड़पार में स्व. हनुमत राम वर्मा की पुण्य स्मृति में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज द्वारा मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर आम, जामुन, नीम, पीपल, अमरूद एवं बरगद जैसे छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम ग्राम इकाई मुड़पार के नेतृत्व में क्षेत्रीय प्रमुख खोड़सराम वर्मा एवं इकाई प्रमुख ललित कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया। साथ ही मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण के साथ-साथ बाउंड्री जाली लगाने का कार्य भी प्रारंभ किया गया है। ग्राम इकाई प्रमुख ने बताया कि पौधारोपण से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि यह जलवायु संतुलन, स्वच्छ वायु और जल संरक्षण में भी सहायक होता है। उन्होंने कहा कि यह कार्य समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है और इसे करके आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है।

इस पूण्य कार्य में ग्राम पंचायत




मुड़पार के उपसरपंच जीतू कुमार वर्मा, अश्वनी वर्मा, नारद कुमार वर्मा, आकाश वर्मा, गोवर्धन वर्मा एवं सनत कुमार वर्मा का विशेष योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि स्व. हनुमत राम वर्मा न केवल समाज के सक्रिय सदस्य थे, बल्कि वैद्यराज अंचल के प्रसिद्ध वैद्य के रूप में भी जाने जाते थे। इस अवसर पर कुलेश्वर कुमार वर्मा, देव कुमार वर्मा, सुशांत वर्मा एवं दुर्गेश कुमार वर्मा उपस्थित थे।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एंडोसोनोग्राफी/ एंडोअल्ट्रासाऊंड (EUS)
गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी एवं हिपेटोलॉजी विभाग
- पेनक्रियास एवं पित्त नलिका की बीमारियों का सूक्ष्म एवं सटीक परीक्षण एवं उपचार
- पेट के कैंसर की विश्वसनीय एवं सटीक स्टेजिंग (Staging)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

**जहर सेवन से युवक की मौत:**
**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर में कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसर कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम नारी निवासी संतोष ध्रुव पिता सुरेश उम्र 35 वर्ष खेती-किसानी का काम करता था।




### 1 जुलाई से स्कूल खोलने प्रशासन से की मांग

# उमस और गर्मी के बीच कल से खुलेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच कल सोमवार 16 जून से स्कूल का नया सत्र शुरू हो रहा है, पर इस भीषण गर्मी को देखते हुए पालकों का कहना है कि ऐसे में छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ सकता है। इस कारण पालकों ने स्कूल एक जुलाई से शुरू करने की मांग की है।

ज्ञात हो कि इन दिनों नगर सहित अंचल में भीषण गर्मी और उमस पड़ रही है, जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। यहां सुबह 8 बजे से ही धूप तेज होने के कारण कामकाजी लोग भी जल्दी अपना काम निपटा कर दोपहर अपने घरों में बिता रहे हैं, जबकि इस बीच गर्मी काफी तेज हो जाने के कारण पंखा और कूलर भी जवाब दे जा रहा है।



फाईल फोटो

लोग पिछले महीने 25-26 मई के आस पास मौसम को देखकर अनुमान लगा रहे थे कि इस वर्ष मानसून जल्दी दस्तक दे रहा है और अब बारिश हो जाएगी तो गर्मी से राहत मिलेगी पर अब तक मानसून का कोई पता नहीं है। जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार है। भीषण गर्मी पड़ने से दोपहर में यहां की सड़कें सुनी हो रही है। लोगों का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी के बीच 16 जून सोमवार से स्कूल का नया सत्र शुरू हो रहा है, जिसमें बच्चों को स्कूल भेजने सोचना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि भेजते है तो इस भीषण गर्मी में बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है और स्कूल नहीं भेजते हैं तो बच्चा पढ़ाई में पिछड़ जाएगा। पालकों ने इस भीषण गर्मी को देखते हुए 30 जून तक बच्चों की छुट्टी बढ़ाए जाने की मांग की है।

#### छुट्टी बढ़ाने का आदेश नहीं

सोमवार से स्कूल शुरू हो रहा है। एक जुलाई से शुरू होने या गर्मी छुट्टी बढ़ाए जाने का कोई आदेश नहीं आया है।

**-नीलमणि साहू,** विकासखंड संकुल श्रोत समन्वयक (बीआरसीसी)

